98.7 हजार नई एमएसएमई इकाइयों को बंटा 2447 करोड़ रुपये लोन

सीएम ने किया डेढ़ सौ करोड़ की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में उप्र पूरी प्रतिबद्धता के साथ सभी संभावनाओं को गति देने में जुटा है। लोगों को रोजगार देकर स्वावलंबी बनाना सरकार की प्राथमिकता है। वह शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम दर्जे की नई औद्योगिक इकाइयों (एमएसएमई) के लिए आयोजित ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने एमएसएमई सेक्टर की 98,743 नई इकाइयों को 2,447 करोड़ रुपये के ऋण ऑनलाइन वितरित किए।

डेढ़ सौ करोड़ की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण : प्रदेश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में 150.89 करोड़ रुपये की कुल 19 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम, ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभार्थियों को चेक भेंट किया।

तीन योजनाओं के ऑनलाइन संस्करणों का शुभारंभ : मुख्यमंत्री ने एमएसएमई विभाग की ओर से संचालित हस्तशिल्प कौशल विकास प्रशिक्षण योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण योजना तथा ओडीओपी विपणन प्रोत्साहन योजना के ऑनलाइन संस्करणों का शुभारंभ भी किया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ओडीओपी उत्पादों की पहुंच बढ़ाएगी ई-बे : प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को अधिक से अधिक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाने और ओडीओपी उत्पादों की पहुंच अंतरराष्ट्रीय बाजार तक बढ़ाने के लिए ई-कॉमर्स कंपनी ई-बे और एमएसएमई विभाग के बीच अनुबंध भी हुआ।

बांटा 8949 करोड़ का लोन: एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि सरकार कोविड-19 में भी तरक्की की संभावनाएं तलाश रही है। इसके दृष्टिगत एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों को ऋण वितरित किया जा रहा है। अब तक 2,71,743 नई इकाइयों को लगभग 8,949 करोड़ के ऋण वितरित किए गए हैं।

सीएम योगी के समक्ष एमएसएमई व ई-बे के मध्य समझौता पत्र का आदान-प्रदान हुआ ● सूचना विभाग

एमएसएमई विभाग और एकेटीयू के बीच एमओयू

एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना को बढ़ावा देने की खातिर एमएसएमई विभाग और डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के बीच मुख्यमंत्री के समक्ष अनुबंध (एमओयू) हुआ। इस अनुबंध के तहत एकेटीयू द्वारा अपने इंजीनियरिंग कॉलेजों के जरिये ओडीओपी उत्पादों को मैप कराया जाएगा। कॉलेजों के विद्यार्थी ओडीओपी उत्पादों के तकनीकी उन्नयन में सहयोग करेंगे। उत्पादों की विशिष्ट समस्याओं के निवारण के लिए एकेटीयू की ओर से वार्षिक हेकाथॉन का आयोजन किया जाएगा।